तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज
	राजू कुमार **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353328414085303
09/06/26	अपीलार्थी राजू कुमार निवासी ग्राम सताहा पूर्वी चम्पारण मोतिहारी बिहार द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 07.05.2026 भूमि अतिक्रमण, जालसाजी और धमकी के लिए पूर्व मुख्यमंत्री के सहयोगी और सहयोगियों के खिलाफ शिकायत जांच और कार्यवाही के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी सें संबंधित दस्तावेज के संबंध मे सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त 723 दिनांक 22.05.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत सूचना अधिकार आवेदन जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर से संबंधित होने के कारण सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत अंतरित कर अपीलार्थी को पृष्ठांकित कर सूचित कर दिया गया है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर

RajKaj Ref No.: 22737989
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by A[illegible] Ranjan
Designation: Coll[illegible]r and District Magistrate
Date: 2026.06.[illegible] 22:23:37 IST
Reason: Approved